आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–01 अगस्त 2024 सान्ध्य समाचार

श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद के विवाद को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आज अहम फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि कटरा केशव देव की जमीन से शाही ईदगाह मस्जिद का अवैध कब्जा हटाने की मांग को लेकर दाखिल सिविल वादों की पोषणीयता पर मस्जिद पक्ष की आपत्ति खारिज कर दी है। कोर्ट के इस फैसले को मंदिर पक्ष के लिए एक बडी राहत के रूप में देखा जा रहा है। न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन ने भगवान श्रीकृष्ण विराजमान कटरा केशव देव सहित 18 सिविल वादों पर यह फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने इस मामले में बारह अगस्त से वादों की सुनवाई किये जाने का आदेश दिया है।

****

पेरिस ओलंपिक दो हजार चौबीस में आज भारत को एक और महत्वूपर्ण सफलता मिली। ओलंपिक में पुरूषों की पचास मीटर राइफल थ्री पोजिशन प्रतिस्पर्धा में भारतीय निशानेबाज स्वप्निल कुसाले ने कांस्य पदक जीता। भारत का मौजूदा ओलम्पिक खेलों में ये तीसरा मेडल है। भारत को पेरिस ओलंपिक में अबतक मिले तीनों पदक निशानेबाजी में ही प्राप्त हुए हैं। स्वप्निल कुसाले पचास मीटर राइफल की इस प्रतिस्पर्धा में पदक जीतने वाले पहले भारतीय है। उनकी इस उपलिब्ध पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बधाई दी है।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश में हो रहा पूंजीगत व्यय इस बात को दर्शाता है कि बजट का पैसा बड़े निर्माण में लग रहा है। मुख्यमंत्री आज विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान अनुपूरक बजट पर सदन को संबोधित कर रहे थें। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश अपनी ज्यादातर आवश्यकताओं की पूर्ति खुद करने में सक्षम हो चुका है। श्री योगी ने कहा कि आज प्रदेश की जीडीपी और प्रति व्यक्ति आय दोगुनी से ज्यादा बढ़ी है। मुख्यमंत्री ने बुनियादी ढ़ांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य, निवेश और रोजगार सहित अनेक क्षेत्रों में हुई प्रगति की जानकारी सदन को दी। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार बहुत जल्दी जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को क्रियाशील करने और महाकुम्भ से पहले गंगा एक्सप्रेस–वे के मेन कैरिज–वे का निर्माण पूरा कराने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है।

****

फरवरी दो हजार चौबीस में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के चौथे संस्करण में निवेश परियोजनाओ के शुभारंभ के पांच माह के भीतर एक लाख चौदह हजार रूपये से अधिक परियोजनाओं का वाणिज्य उत्पादन शुरू हो गया है। यह जानकारी प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नन्दी ने आज विधानसभा में विपक्षी सदस्य के सवाल के जवाब में दी। उन्होंने बताया कि ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी मे प्राप्त निवेश परियोजनाओं में से तीन हजार नौ सौ चौरासी परियोजनाओं का वाणिज्य संचालन शुरू कर दिया गया है।

****

मेरठ, सहारनपुर, बागपत और मुजफ्फरनगर जिलों मे आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रशासन की तरफ से कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गयी। इस तरह के अभूतपूर्व अभिनंदन से उत्साहित कांवड़ियों ने जमकर भगवान भोले शंकर के जयकारे लगाये। जिन जिलों में हेलीकॉप्टर से फूल बरसाये गये वहां के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने हवाई सर्वेक्षण कर कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा भी लिया।

****

भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या की सड़कों पर पर्यटकों और श्रद्धालुओं को जल्द ही गोल्फ कार्ट से भ्रमण की सुविधा मिलने लगेगी। इसके लिए अयोध्या विकास प्राधिकरण ने पहले चरण में पचास गोल्फ कार्ट खरीदें हैं। इन गोल्फ कार्ट को गुप्तार घाट के बाग में खड़ा किया गया है। अयोध्या विकास प्राधिकरण दूसरे चरण में सौ गोल्फ कार्ट खरीदेगा।

****

प्रदेश सरकार ने निर्धारित शेड्यूल के अनुरूप सभी क्षेत्रों को निर्बाध बिजली देने के निर्देश दिए हैं। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में अट्ठारह घंटे, तहसील मुख्यालय स्तर पर साढ़े इक्कीस घंटे और जनपद मुख्यालय स्तर पर चौबीस घंटे विद्युत आपूर्ति का शेड्यूल प्रदेश सरकार ने निर्धारित किया है।

****

परिवार कल्याण कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए एक जून से इक्तीस जुलाई तक चले विश्व जनसंख्या स्थिरता अभियान में वाराणसी जनपद ने महिला नसबंदी को लेकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है।

****

प्रदेश के कई जिलों में आज भी हल्की से मध्यम बारिश हुई है, हालांकि बारिश के बाद पूर्वी क्षेत्र के जिलों में तेज धूप निकलने से लोगों को उमसभरी गर्मी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग की ओर से प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों मे कल भी हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान जताया गया है। इस बीच श्रावस्ती जिले के हथियाकुण्डा नाले में अचानक बाढ़ आ जाने से कई गांव घिर गये हैं। इसके साथ ही श्रावस्ती में राप्ती नदी का जलस्तर भी खतरे के निशान से सत्तर सेंटीमीटर उपर पहुंच गया है। प्रशासन ने राहत और बचाव टीमों को अलर्ट कर दिया है।

****